an>

Title: Issue regarding refund of admission fee in the schools.

श्री भगवंत मान (संगरूर): अध्यक्ष महोदया, प्राइवेट स्कूलों की मनमर्जी के खिलाफ खासकर पंजाब में अभिभावक धरने करने को मजबूर हो गए हैं। हर साल अलग से एडमिशन फीस ली जाती है। स्कूलों द्वारा यह कहा जाता है कि अगर बच्चे को किसी दूसरे स्कूल में एडमिशन लेना है तो एडमिशन फीस रिफंड हो जाएगी लेकिन बाद में इसे रिफंड नहीं किया जाता है। विशेÂषकर वर्दी, किताबें और कापियां किसी विशेÂष दुकान से खरीदने के लिए रिकमेंड किया जाता है। इस कारण आज के महंगाई के दौर में अभिभावकों को अपने बच्चों को पढ़ाना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। पंजाब में अभिभावक जगह-जगह पर धरने दे रहे हैं और स्कूलों के खिलाफ धरने तथा प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली में हमारी सरकार ने बढ़ी हुई फीस को रिफंड करवाया है। क्या दूसरे राज्यों में भी दिल्ली की तर्ज पर ऐसा हो सकता है? एचआरडी मिनिस्टर यहां बैठी हैं, इनके पास बहुत से वक्तव्य आ चुके होंगे। अगर आप इस विÂषय पर जवाब देंगी, तो बहुत खुशी होगी।